तेरे भक्तो में साईं अपना नाम छोड़ जाऊ

जय जय साईं राम साईं संचा तेरा नाम,
जपु मैं सुबहो शाम साईं सांचा तेरा नाम,

देदो शक्ति बाबा मैं दिन रात तेरे गुण गाऊ,
तेरे भक्तो में साईं अपना नाम छोड़ जाऊ,

यु तो इस दुनिया में कितने आते जाते.
खुश किस्मत है बाबा जो करते है तेरी बाते,
तेरी याद में कट ते दिन और तेरी याद में राते,
बरसे सदा उन भक्तो पर तेरे रहमत की बरसाते,
मैं भी जीवन डोर तेरे चरणों से जोड़ पाऊ,
तेरे भक्तो में साईं अपना नाम छोड़ जाऊ,

तेरे दर्शन बिन साईं न चैन कही मिल पाता,
मित्जाये चिंताए जब मैं जय जय साईं गाता,
मैं जिस और भी नजर घुमाऊ तू ही नजर है आता,
नाम तेरा है दिल को भाये और नही कुछ भाता,
जानी जान तुझे क्या हाले दिल बा राखा सुनाऊ,
तेरे भक्तो में साईं अपना नाम छोड़ जाऊ,

उसी कमी क्या बाबा जिसको प्यार तेरा मिल जाए,
बन्दा जो भी तेरा सेवक तेरा झूमे नाचे गाये,
चरणों की धूलि मस्तक पे जो भी भक्त लगाये.
बत्तरा जैसे धरती पर ही स्वर्ग उसे मिल जाए,
साईं तेरे सेवको का सेवक मैं कहलाऊ,
तेरे भक्तो में साईं अपना नाम छोड़ जाऊ,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12958/title/tere-bhakto-me-sai-apna-naam-chod-jaau

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |